<u>राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह</u>

सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय भोपाल के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में युवा दिवस समारोह मनाया गया। स्वामी विवेकानंद जी को पूर्ण विश्वास था कि देश का युवा ही देश का भविष्य है। तो उस युवा को पूर्ण स्वस्थ होना चाहिए, इसी विचार को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने यह तय किया कि प्रत्येक विद्यालय में योगा ,प्रणायाम एवं सूर्य नमस्कार होना चाहिए। यह निर्णय 2020 के युवा दिवस एवं छात्रों के हित को ध्याान में रखकर किया गया और समझाया गया कि देश के बच्चे देश की प्रगति के लिए अपनी शक्ति का सद्उपयोग कर सके। स्वामी विवेकानंद के इस महान संदेश को जन –जन तक पहुँचाने हेतु विद्यालय में शिक्षकों एवं छात्रो द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं ,नौवमी. एवं ग्यारहवीं के छात्रों द्वारा सूर्य नमस्कार श्लोक वाचन , ओमकार मंत्र एवं प्रणायाम किया गया। साथ ही विभिन्न आसनों का एक – एक करके महत्व समझाया गया । यह समस्त आयोजन विद्यालय के खेल विभाग के शिक्षकों के संरक्षण में सम्पन्न किया गया । इस युवा दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य महोदय आदरणीय ब्रदर मोनाचन के. के. जी ने पढ़े गए श्लोकों एवं कविताओं पर और युवा दिवस पर प्रकाश डालते हुए योगा के लाभ समझाए । साथ ही शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगा की उपयोगिता एवं जीवन में प्रतिदिन योगाभ्यास करने का संदेश दिया। ''**क्योंकि कहा गया है कि स्वास्थ्य ही जीवन की पूँजी है।**''